हरिभूमि
झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार 11 मार्च 2026

9 जांच अधिकारियों को केस की मजबूत पैरवी व साक्ष्यों का...



10 टॉप 4 कुश्तियों में से 3 बराबरी पर छूटी...



## खबर संक्षेप

### स्टाम्प ड्यूटी के 38 लाख जमा कराने के निर्देश

**बहादुरगढ़।** एसडीएम अभिनव सिवाच द्वारा सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में पंजीकृत कुछ वसीकाओं (दस्तावेजों) के मूल्यांकन की जांच की गई। इस दौरान पाया गया कि निर्धारित मानकों के अनुसार स्टाम्प ड्यूटी पूर्ण रूप से जमा नहीं करवाई गई थी। एसडीएम ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए संबंधित पक्ष को 38 लाख 16 हजार 99 रुपये की स्टाम्प ड्यूटी जमा कराने के निर्देश दिए हैं। उनके अनुसार भविष्य में भी इस प्रकार के मामलों की नियमित रूप से जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाती रहेगी।

### दो जुड़वा सगी बहनें लापता, ममाला दर्ज

**बहादुरगढ़।** शहर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता दो नाबालिग छात्राएं मिली नहीं थी कि अब दो और लड़कियां गायब हो गई हैं। लापता होने वाली दोनों लड़कियां सगी जुड़वा बहनें हैं और झज्जर जिले के एक गांव की रहने वाली हैं। सोमवार को ये बहादुरगढ़ के एक कॉलेज में परीक्षा देने आई थी। इसी दौरान लापता हो गई। काफी तलाश के बाद परिजनों को नहीं मिली तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है। मंगलवार शाम तक दोनों का कुछ सुराग नहीं लग पाया था। वे किन परिस्थितियों में लापता हुई, ये सवाल बना हुआ है। वहीं बीते वीरवार को शहर से लापता हुई 11वीं कक्षा की दो छात्राएं भी अब तक नहीं मिल पाई हैं।

### संत कबीर बस्ती का बुजुर्ग व्यक्ति लापता

**बहादुरगढ़।** शहर की संत कबीर बस्ती के निवासी एक बुजुर्ग व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए हैं। काफी तलाशने के बाद भी उनका कुछ सुराग नहीं लगा तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी है। संत कबीर बस्ती के निवासी दीपक ने कहा है कि सुबह करीब पांच बजे पिता दयानंद सिंह घर से बाहर गए थे लेकिन वापस नहीं लौटे। काफी देर तक नहीं आए तो उनकी तलाश शुरू की। तब से लेकर अब तक तमाम संभावित ठिकानों पर ढूंढ चुके हैं लेकिन उनका कुछ अता पता नहीं है। पुलिस तलाशने में मदद करें। सेक्टर 6 थाने से जांच अधिकारी रामबीर का कहना है कि गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। व्यक्ति को तलाशने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## प्लास्टिक कबाड़ के गोदाम व भवन निर्माण सामग्री के स्टॉक यार्ड बनाकर कमा रहे किराया

# खेती से दूर हो रहे किसान गैर-कृषि कार्यों को दे रहे प्राथमिकता

**नई आबाद होती रिहायशी कॉलोनियां भी बड़ा कारण**

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि खेती को लाभकारी बनाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले समय में अधिक किसान गैर-कृषि कार्यों की ओर रुख कर सकते हैं

रवींद्र राठी ▶▶ बहादुरगढ़




बहादुरगढ़। खेत में फसल की जगह लगा प्लास्टिक कबाड़ का ढेर। फोटो : हरिभूमि

दिल्ली से सटे बहादुरगढ़ में तेजी से बदलते हालात के बीच अब कई किसान पारंपरिक खेती की बजाय अपनी जमीन का उपयोग गैर-कृषि कार्यों के लिए करने लगे हैं। शहर के आसपास स्थित कृषि भूमि पर प्लास्टिक के गोदाम, भवन निर्माण सामग्री के स्टॉक यार्ड और अन्य व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं। किसान इन स्थानों को किराए पर देकर नियमित आय प्राप्त कर रहे हैं।

एक समय था जब भारत कृषि प्रधान देश कहलाता था, लेकिन अब किसान ही खेती से विमुख हो रहा है। इसका बड़ा कारण जीवन-यापन के लिए अपेक्षित आमदनी नहीं हो पाना है। झज्जर जिले की बात करें तो कुल 1834 वर्ग किलोमीटर भूखंड पर बसा है। वर्ष 2005 में इसका करीब 90 प्रतिशत से अधिक रकबा अर्थात 1655 वर्ग किलोमीटर कृषि योग्य भूमि थी, लेकिन वर्ष 2015 में इसका करीब 86 प्रतिशत से अधिक रकबा अर्थात 1590 वर्ग किलोमीटर कृषि योग्य भूमि रह गई थी। कृषि योग्य भूमि घटने का यह क्रम लगातार जारी है। नई आबाद होती रिहायशी कॉलोनियां भी इसके पीछे बड़ा कारण हैं। खेती में बढ़ती लागत, अनिश्चित मौसम और कम लाभ के कारण कई किसान जमीन को किराए पर देकर स्थिर आय को अधिक सुरक्षित विकल्प मान रहे हैं। बहादुरगढ़ और आसपास के इलाकों में सड़क किनारे कई खेतों में अब ट्रक-ट्रालियों से ईंट, बजरी, सीमेंट और प्लास्टिक के सामान का स्टॉक दिखाई देने लगा है। चूंकि किसान खेती में प्रति एकड़ 7 से 8 हजार रुपये महीना तक ही कमा पाते हैं। जबकि जमीन को वाणिज्यिक उपयोग के लिए किराए पर देकर किसान हर महीने 75 हजार रुपये प्रति एकड़ तक कमा रहे हैं। हालांकि नगर परिषद ने 4 महीने पहले 61 लोगों को नोटिस देते हुए पुलिस से केस दर्ज करने की मांग की थी। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि खेती को लाभकारी बनाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले समय में अधिक किसान गैर-कृषि कार्यों की ओर रुख कर सकते हैं।

### खेती में अपेक्षित आय नहीं



ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेश सचिव जयकरण मांडोठी ने बताया कि खेती में अपेक्षित आय नहीं होने के कारण युवाओं का कृषि से मोह भंग हो रहा है। बढ़ती महंगाई के बीच असंख्य किसान कर्जदार बन गए है। इसी कारण किसान कृषि योग्य भूमि को गैर कृषि कार्यों के लिए किराए पर दे रहे हैं। क्योंकि जमीन किराए पर देने से आर्थिक जोखिम कम रहता है।

### पर्यावरण पर पड़े असर



पर्यावरणविद् प्रदीप रेढू का कहना है कि कृषि भूमि का इस तरह तेजी से गैर-कृषि उपयोग चिंता का विषय है। यदि यही स्थिति जारी रही तो भविष्य में खेती योग्य जमीन कम होती जाएगी, जिसका असर पर्यावरण और खाद्य सुरक्षा दोनों पर पड़ सकता है। शहर के चारों तरफ प्लास्टिक कबाड़ तथा भवन निर्माण सामग्री के स्टॉक नजर आ रहे हैं। प्रशासन को इस दिशा में स्पष्ट नीति बनानी चाहिए।

### खेती घाटे का सौदा



भारतीय किसान संघ के प्रदेशाध्यक्ष सतीश छिकारा के अनुसार लागत से कम मूल्य मिलने के कारण खेती घाटे का सौदा बन गई है। यदि किसान की मजदूरी का हिसाब लगाया जाए तो उसे कुछ नहीं बचता। रही-सही कसर मौसम पूरी कर देता है। प्राकृतिक आपदा के कारण खेती सर्वाधिक प्रभावित हुई है। यही कारण है कि किसान गैर कृषि कार्यों को प्राथमिकता देने लगा है।

### चलाया जा रहा अभियान



एसडीएम अभिनव सिवाच ने बताया कि खेती की जमीन पर प्लास्टिक के गोदाम बनाने वालों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। कृषि भूमि का उपयोग नियमों के अनुसार ही किया जा सकता है। यदि कहीं बिना अनुमति के जमीन का उपयोग बदला जा रहा है, तो उसकी जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



झज्जर। प्लाट की टूटी हुई दीवार। फोटो : हरिभूमि

## बाड़े की दीवार तोड़ कर दस भेड़-बकरियां चुरा ले गए चोर

**झज्जर।** गांव सुर्खपुर में बाड़े में बंधी भेड़ बकरियां चोरी होने की शिकायत पीड़ित द्वारा पुलिस को दी गई। पुलिस को दी गई शिकायत में सुर्खपुर निवासी बलवान ने बताया कि वह अपने चाचा राजेंद्र के साथ साझेदारी में भेड़ बकरी पालन का काम करता है। उनके पास करीब डेढ़ सौ भेड़ बकरियां हैं जिन्हें वे खाली प्लाट में बांधते हैं। बलवान के अनुसार जब वह मंगलवार की अलसुबह करीब तीन बजे उठकर अपनी भेड़ बकरियों को संभालने पहुंचा तो उसने देखा की प्लाट की दीवार सड़क की ओर से टूटी हुई है और कुछ युवक भेड़ बकरियों को कार में डाल रहे थे। जब उसने शोर मचाकर परिजनों व आस पड़ौस के लोगों को जगया तो युवक गाड़ी के साथ मौके से भाग निकले। जब उसने अपनी भेड़ बकरियों की गिनती की तो पता चला कि उनके यहां से छह बकरी व चार भेड़ कम हैं जिन्हें वे अज्ञात युवक चोरी कर ले गए। सूचना दिए जाने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया तथा पीड़ित से मामले की जानकारी ली।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दूसरी घायल

**गुरुग्राम मार्ग पर पूर्णमल मंदिर मोड के नजदीक हुआ सड़क हादसा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

मंगलवार सुबह गुरुग्राम मार्ग पर पूर्णमल मंदिर मोड के नजदीक हुई एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान जिले के कस्बा बेरी निवासी करीब 22 जतिन पुत्र मुकेश के तौर पर हुई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जतिन दादरी तोए क्षेत्र की एक निजी कंपनी में कार्य करता था। मंगलवार सुबह वह अपने गांव के साथी गौरव पुत्र राकेश के साथ मोटरसाइकिल पर ड्यूटी जाने के लिए निकला था। सुबह करीब पौने नौ बजे सूचना मिली कि पूर्णमल मंदिर मोड के नजदीक उनकी मोटरसाइकिल को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि जतिन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा एंबूलेंस के माध्यम से शव को पोस्टमार्टम व घायल गौरव को उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल पहुंचाया। यहां गौरव की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों द्वारा उसे प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक के पीजीआई रेफर कर दिया। मामले के जांच अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक के पिता के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

**घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं के लिए बिजली महंगी होने का खतरा**

# बिजली संशोधन बिल के विरोध में कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**कार्यालय के बाहर धरना देकर कर्मचारियों ने की नारेबाजी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। नारेबाजी करते धरनारत बिजली कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन से जुड़े बिजली कर्मचारियों ने मंगलवार को बिजली संशोधन विधेयक के विरोध में प्रदर्शन किया। सुबह दस से दोपहर एक बजे तक कार्यालय के बाहर धरना देकर कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की।

कर्मचारियों व इंजीनियरों ने आरोप लगाया कि यह बिल बिजली क्षेत्र में निजीकरण को बढ़ावा देने और सरकारी बिजली कंपनियों को कमजोर करने की दिशा में कदम है, जिससे भविष्य में बिजली दरें बढ़ सकती हैं। वक्ताओं ने कहा कि बिल में निजी लाइसेंसधारकों को सरकारी बिजली ढांचे के उपयोग की अनुमति देने और क्रॉस-सब्सिडी खत्म करने जैसे प्रावधान हैं। इससे निजी कंपनियां केवल लाभदायक उपभोक्ताओं को चुनेंगी, जबकि ग्रामीण और गरीब क्षेत्रों की जिम्मेदारी सरकारी डिस्कॉम पर ही रहेगी। इससे घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं के लिए बिजली महंगी होने का खतरा है तथा राज्यों पर सब्सिडी का बोझ बढ़ेगा।

### निजीकरण से स्थाई नौकरियां घटेंगी

कर्मचारियों ने यह भी कहा कि निजीकरण से स्थाई नौकरियां घटेंगी और ठेका व आउटसोर्स व्यवस्था बढ़ेगी, जिससे कर्मचारियों के अधिकार प्रभावित होंगे। कर्मचारियों ने सरकार से बिजली संशोधन विधेयक-2025 को वापस लेने, क्रॉस-सब्सिडी और सार्वजनिक बिजली व्यवस्था को बनाए रखने तथा बिजली कर्मचारियों के अधिकार सुरक्षित रखने की मांग की। प्रदर्शन की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान सुनील नेहरा ने की और संचालन सचिव हरीश ने किया। इस अवसर पर राज्य उपाध्यक्ष बंसीलाल, रविंद्र दलाल, ब्लॉक प्रधान बिजेंद्र सैनी, यूनिट प्रधान उमेश, सचिव राकेश, प्रदीप, कृष्ण, मनोज, ललित, आजाद, कुलदीप सहित सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।

## फंदे पर लटका मिला युवक शव

**बहादुरगढ़।** गांव छुड़ानी में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव बंद मकान में फंदे पर लटकता हुआ मिला। कई दिन पुराना होने के कारण शव पूरी तरह से सड़ चुका था। दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान करीब 33 वर्षीय विनोद के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, विनोद के बच्चे तथा माता-पिता नजफगढ़ में रहते हैं। कुछ समय पहले उसकी पत्नी की भी मृत्यु हो गई थी। आसपड़ोस के लोगों को लगातार उसके घर से दुर्गंध आ रही थी। सोमवार को दुर्गंध असहनीय हुई तो पुलिस को सूचना दी गई। बादली थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। मकान खोला तो अंदर विनोद का शव फंदे पर सड़ी अवस्था में लटका हुआ था। शव को नागरिक अस्पताल में लाया गया। परिजनों के बयान के बाद मंगलवार को पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई गई। बताते हैं कि पांच मार्च को वह नजफगढ़ से यहां आया था। तब से उसका फोन भी बंद आ रहा था। संभवतः तभी उसने यह कदम उठाया होगा। पुलिस का कहना है कि परिजनों के बाद मामले में नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी इंतजार रहेगा।

## 355 ने फ्री में देखी केरल स्टोरी

**बहादुरगढ़।** धर्म जागरण मंच के जिला सहसंयोजक नीरज वत्स की अगुवाई में 335 बहनों-बेटियों को फिल्म केरला स्टोरी-2 दिखाई गई। नागेंद्र लाकड़ा, डॉ अजीत आनंद और नीरज वत्स ने भी बेटियों को जागरूक किया। हेमंत वत्स, मोंटी, रोहित वर्मा, मुकेश, गौरव सोनी, दीपक सोनी, नरेश भारद्वाज, कमल सैनी, संजीव शर्मा, जतिन बंसल, सुरेंद्र चुघ, अजीत ढाका, संतोष, परमजीत, राजेश सांखोल, कुलदीप गुप्ता, गणेश, रोहन व नवीन आदि ने इस फिल्म के पूरे खर्चे को वहन किया।



बहादुरगढ़। सिनेमा हॉल में फिल्म देखती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

## मोटर चोरी होने से गांव में पेयजल आपूर्ति बाधित

**बहादुरगढ़।** ग्रामीण क्षेत्र में चोरी की वारदात लगातार बढ़ रही हैं। न केवल खेतों में बल्कि जलघरों, लिफ्टिंग स्टेशनों पर रखी मोटरें भी चोरों के निशनों पर हैं। अब गांव एमपी माजरा में मोटर चोरी हो गई। जिससे गांव में पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो गई है। पुलिस को दी शिकायत में जनस्वास्थ्य विभाग के उपमंडल अभियंता सरबजीत सिंह ने कहा है कि विभाग का एमपी माजरा नहर के पास लिफ्टिंग स्टेशन बना हुआ है। स्टेशन में 50बीएच की दो मोटर लगी हुई हैं। रात को एक मोटर चोरी हो गई। जब कर्मचारी मौके पर गए तो वारदात का पता चला। इससे विभाग को काफी हानि हुई है। वहीं गांव में भी पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो गई है। इस शिकायत पर बादली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं कुछ समय पहले खरमाण में भी मोटर चोरी होने से आपूर्ति बाधित हो गई थी। बता दें कि बहादुरगढ़, बादली इलाके के गांवों में लगातार गांवों में लगातार चोरी हो रही है। खेतों, जलघरों में पानी की मोटर, बिजली की तारें, ट्रांसफार्मर की क्वाइल, सोलर पैनल आदि पर हाथ साफ किया जा रहा है।

## फोन के माध्यम से कीमत, बिजली की खपत व मॉडलों संबंधी जानकारी ले रहे लोग

# गर्मी की तपन के साथ बढ़ने लगी एसी व कूलर की डिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर





झज्जर। एक दुकान में एसी बारे जानकारी लेते हुए ग्राहक व कूलर की जालियां साफ करते हुए लोग।

मौसम में आए बदलाव के कारण लोगों को तपन महसूस होने लगी है। ऐसे में लोगों का रुझान पंखों, कूलर व एसी की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में बाजार में भी इसका असर दिखाई देने लगा है। गर्मी को देखते हुए आगामी दिनों में एसी की डिमांड और अधिक बढ़ने की संभावना है। दुकानदारों का कहना है कि हालांकि अभी जितनी इंक्वायरी आ रही है उस औसत के हिसाब से एसी की बिक्री नहीं हो पा रही लेकिन आगामी दिनों में बिक्री में इजाफा होगा। अधिकतर लोग कीमत, बिजली की खपत व अलग-अलग कंपनियों के मॉडलों संबंधी जानकारी ले रहे हैं।

वैवाहिक सीजन के चलते भी लोगों द्वारा एसी की खरीद की जा रही है। यादव धर्मशाला चौक के नजदीक स्थित कुमार इलेक्ट्रोनिक्स एंड इलेक्ट्रिकल स्टोर संचालक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि उनके पास विभिन्न कंपनियों के एसी उपलब्ध है। सबसे अधिक आईएफबी, ब्लू स्टार, मित्सुबिशी कंपनी के एसी बिक रहे हैं। उनके यहां 30 हजार रुपये से लेकर 70 हजार रुपये की कीमत वाले एसी उपलब्ध हैं। प्रतिदिन पांच से छठ एसी की बिक्री की जा रही है। इसके अलावा लोगों द्वारा कूलर की खरीददारी भी की जा रही है। उनके यहां साढ़े छह हजार रुपये से तेईस हजार रुपये तक की कीमत के आधुनिक थार कूलर है।

श्री गोपाल इंटरप्राइजेज के मैनेजर कृष्ण कुमार ने बताया कि उनके यहां स्पेशल वोल्टास कंपनी के एसी उपलब्ध है। प्रतिदिन छह से सात एसी बेचे जा रहे हैं। उनके यहां 26 हजार 5 सौ रुपये से लेकर 46 हजार रुपये कीमत तक के एसी उपलब्ध हैं। इसी प्रकार श्रीश्याम इंटरप्राइजेज के संचालक वीरेंद्र यादव ने बताया कि बीते दिनों इलेक्ट्रोनिक्स उत्पादों के जीएसटी कर में दी गई छूट के बावजूद बीती पन्द्रह जनवरी से एसी के रेटों में इजाफा दर्ज किया गया है। तांबे के रेटों में आई वृद्धि के साथ ही कंपनियां भी एसी की कीमतों में करीब बीस फीसदी की वृद्धि कर चुकी है। उनके यहां ओ-जनरल, आईएफबी, पैनासोनिक, हिताची, गोदरेज, डाइकिन, अकाई, कैंडी, वोल्टास, एलजी आदि विभिन्न कंपनियों के डेढ़ टन वाले एसी 26 हजार रुपये से लेकर 60 हजार रुपये की कीमत में उपलब्ध है। आगामी दिनों में एसी की बिक्री चरम पर होगी।

### लोगों द्वारा संभाले जा रहे घरों में रखे कूलर

उधर गर्मी की तपिश के बाद लोगों द्वारा पंखा चलाने की शुरूआत जहां कई दिनों पहले की जा चुकी है वहीं उन्होंने अपने घरों में लगे कूलर भी संभालने शुरू कर दिए हैं। इलेक्ट्रोनिक्स सामान की दुकानों पर पंखों, कूलर व एसी की पूछताछ भी बढ़ गई है। कई लोग नई मशीन खरीदने के साथ-साथ पुराने कूलर व एसी की सर्विस करवा रहे हैं ताकि आने वाली तेज गर्मी में राहत मिल सकें।



बहादुरगढ़। मैसूर में सूर्यकांत की काष्ठकला देखते स्थानीय लोग। फोटो : हरिभूमि

## मैसूर में अपनी हस्तकला की छाप छोड़ रहे सूर्यकांत

**बहादुरगढ़।** काष्ठकला में दुनियाभर में नाम कमाने वाले बोंदवाल परिवार के सूर्यकांत इन दिनों कर्नाटक के मैसूर में लग रही प्रदर्शनी में अपनी हस्तकला का प्रदर्शन कर रहे हैं। केंद्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान एवं परीक्षण संस्थान मैसूर के निदेशक विनोद कुमार ने भी उनकी कारीगरी की तारीफ की है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक राज्य में भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय द्वारा गांधी शिल्प बाजार लगाकार शिल्पकार व बुनकरों को बेहतरीन मंच दिया जाता है। बहादुरगढ़ के सूर्यकांत हरियाणा की तरफ से इसमें भागीदारी कर रहे हैं।



# धुरंधर 2 का नया पोस्टर जारी ईश्वर के प्रकोप का दिया संकेत

**मुंबई।** रणवीर सिंह की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर 2' का एक नया पोस्टर जारी हो चुका है। फैंस पोस्टर में रणवीर सिंह के दोनों लुक को लेकर काफी उत्सुक हैं। 'धुरंधर 2' के नए पोस्टर में रणवीर सिंह दो अलग-अलग किरदारों में दिख रहे हैं- जसकिरत सिंह रंगी और हमजा अली मजारी। उन्होंने पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, 'ईश्वर का प्रकोप आ रहा है'। फिल्म के पोस्टर को देखने के बाद फैंस काफी उत्साहित हैं। फैंस 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह के लुक को देखकर बहुत खुश हैं। सोशल मीडिया पर लोग तारीफ कर रहे हैं और फिल्म का इंतजार कर रहे हैं।

लाइफ Style

# अनीत

## बायोपिक में कास्टिंग की खबरें बेबुनियाद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

लेजेंडरी एक्ट्रेस मधुबाला की बायोपिक की चर्चा काफी लंबे समय से चल रही है। हाल ही खबर आई कि इसमें मधुबाला का किरदार 'सैयारा' एक्ट्रेस अनीत पड्डा निभाएंगी, पर ऐसा नहीं है। अब इंडस्ट्री के सूत्रों ने इन खबरों को पूरी तरह गलत बताया है।

अनीत पड्डा फिल्म में मधुबाला का किरदार नहीं निभाएंगी। एक सोर्स ने साफ किया कि अनीत पड्डा का नाम मधुबाला बायोपिक से जोड़ना एकदम गलत है। सोर्स ने कहा कि अनीत पड्डा को लेकर जो भी खबरें उड़ रही हैं, उनमें रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है। ये दावे पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। मधुबाला भारतीय सिनेमा का एक बहुत बड़ा नाम हैं, इसलिए इन अफवाहों ने फिल्म प्रेमियों के बीच काफी हलचल मचा दी थी। पर सोर्स ने फिर से जोर देकर कहा कि अनीत पड्डा के प्रोजेक्ट (मधुबाला की बायोपिक) से जुड़ने की बात सिर्फ एक अफवाह है और फिलहाल ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है। इससे पहले खबरें आई थीं कि मधुबाला की बायोपिक में कियारा आडवाणी दिवंगत एक्ट्रेस का किरदार निभाएंगी, पर वो खबरें भी अफवाह साबित हुईं। अनीत पड्डा की बात करें, तो उन्होंने साल 2022 में फिल्म 'सलाम वैंकी' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी, पर स्टारडम 2025 में रिलीज हुई 'सैयारा' से मिला। अब अनीत पड्डा फिल्म 'शक्ति शालिनी' में नजर आएंगी। फिल्म में 'होमबाउंड' फेम विशाल जेठवा भी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह दिसंबर 2026 में रिलीज हो सकती है।



## हॉलीवुड मसाला



# पति बेनी को दी जन्मदिन की बधाई

**लॉस एंजिल्स।** सेलेना गोमेज ने अपने पति बेनी ब्लैंको के जन्मदिन पर खास शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ अनदेखी शानदार तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनकी शादी के पल और निजी जीवन की झलक दिखाई दी। सेलेना ने अपनी इस पोस्ट में शादी की कई रोमांटिक फोटोज शेयर कीं। इस पोस्ट के साथ सेलेना ने कैप्शन में पति बेनी ब्लैंको को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो मेरे प्यार। मैं तुम्हें पूरे दिल से प्यार करती हूं।'



# डॉल्बी थिएटर में होगा 98वां ऑस्कर अवॉर्ड समारोह...

**लॉस एंजिल्स।** कुछ ही दिनों में ऑस्कर 2026 का आयोजन होने वाला है और अब इसे लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। इस साल का कार्यक्रम और ज्यादा खास होने वाला है, क्योंकि इसे कोनन ओ'ब्रायन होस्ट करने वाले हैं। इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह में प्रियंका चोपड़ा भी शामिल होने वाली हैं। 98वां अकादमी अवॉर्ड समारोह 15 मार्च को हॉलीवुड के लॉस एंजेलिस स्थित मशहूर डॉल्बी थिएटर में आयोजित किया जाएगा। हर साल की तरह इस बार भी दुनियाभर की फिल्म इंडस्ट्री की नजरें इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह पर टिकी हुई हैं। भारत में टाइम डिफरेंस की वजह से दर्शक इस समारोह को 16 मार्च की सुबह लगभग 4:30 बजे से देख सकेंगे। आप जियो हॉटस्टार ऐप और वेबसाइट पर सुबह 4:30 बजे से इसकी लाइव स्ट्रीमिंग देख सकते हैं।



# है जवानी तो इश्क... की रिलीज डेट बदली

**मुंबई।** डेविड धवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े सहित कई कलाकार नजर आएंगे। इस रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा फिल्म की रिलीज का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस पोस्ट के हिसाब से 'है जवानी तो इश्क होना है' अब 5 जून की जगह 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्माताओं ने एक आधिकारिक बयान में लिखा, 'हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' मूल रूप से 5 जून को रिलीज होने वाली थी, जिसकी घोषणा हमने कई महीने पहले की थी। इस महीने की शुरुआत में, यश अभिनीत फिल्म 'टॉक्सिक' के निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज तारीख की घोषणा की। 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' पहले 19 मार्च को रिलीज होने वाली थी।



# लाहौर 1947 का नहीं बदला टाइटल...

**मुंबई।** राजकुमार संतोषी की फिल्म 'लाहौर 1947' के टाइटल को लेकर फिर से नया अपडेट सामने आया है। पहले खबर थी कि इसका नाम बदलकर 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है लेकिन, ऐसा नहीं है और इसकी पुष्टि आमिर खान ने की है। सनी देओल के फैंस 'बॉर्डर 2' के बाद उनकी अगली और चर्चित फिल्म 'लाहौर 1947' की रिलाज का इंतजार कर रहे हैं, जिसे राजकुमार संतोषी ने डायरेक्ट किया है और आमिर खान प्रोडक्शन में बनी है। इस मूवी के टाइटल को लेकर बीच में अपडेट आया था कि उसे बदल दिया गया और उसका नया नाम 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है। लेकिन, प्रोड्यूसर ने इस दावे को सिरे से खारिज किया है। आमिर खान से जब फिल्म 'लाहौर 1947' के टाइटल में बदलाव के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'ये आपने कहां सुना?

## टीवी मसाला




# कुछ इंट्रेस्टिंग होगा तो जरूर अनुपमा में करूंगा वापसी

**नई दिल्ली।** अनुपमा में अनुज की भूमिका निभाकर पॉपुलैरिटी हासिल करने वाले गौरव खन्ना किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। गौरव को इस शो में इतना पसंद किया गया कि फैंस उनकी वापसी का इंतजार कर रहे हैं। स्टार प्लस के शो अनुपमा में अनुज का कैरेक्टर बहुत ही मजबूत तरीके से दिखाया गया था। इस शो में दर्शकों ने अनुज के कैरेक्टर को इतना पसंद किया कि गौरव खन्ना हर किसी के फेवरेट बन गए। इस शो का हिस्सा बनने के बाद गौरव खन्ना को बिग बॉस 19 में देखा गया। इस शो के वो विनर बने. उसके बाद से फैंस को लगने लगा कि बिग बॉस के बाद गौरव खन्ना अब अनुपमा में वापसी करेंगे। अब गौरव खन्ना ने खुद इस बात को कंफर्म कर दिया है कि वो इस शो का हिस्सा बनेंगे या नहीं। एक इंटरव्यू में जब गौरव खन्ना से पूछा गया कि क्या वो फिर से अनुपमा में अनुज के तौर पर वापसी करेंगे। ऐसे में गौरव खन्ना ने जो जवाब दिया वो काफी मजेदार था। गौरव खन्ना ने कहा,'आप गलत इंसान से इस बारे में पूछ रहे हैं। क्योंकि, अनुपमा में वापसी करना मेरे हाथ में नहीं है। ये हमारे प्रोड्यूसर राजन शाही और चैनल स्टार प्लस पर डिपेंड करता है। अगर स्टोरी में मेरे लिए कुछ इंट्रेस्टिंग होगा तो मैं जरूर वापस आऊंगा। लेकिन, अगर ट्रैक एक्साइटिंग नहीं है तो मैं वापस नहीं आऊंगा।

## गुस्सा जायज है, घाव गहरे थे

**नई दिल्ली।** निक्की तंबोली कुछ दिन पहले ही रियलिटी 'द 50' से बाहर हुईं। हाल ही में उनके बॉयफ्रेंड अरबाज पटेल भी शो से बाहर हो गए। अब शो में कुछ इंफ्लुएंसर, टीवी आर्टिस्ट बाकी रह गए हैं। अपनी हालिया पोस्ट में



बिना किसी का नाम लिए निक्की तंबोली ने 'द 50' के कुछ प्रतियोगियों पर निशाना साधा है। निकी तंबोली ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी पोस्ट की है। इसमें वह लिखती हैं, 'मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स करवाने से ज्यादा मेहनत अगर अपनी लाइफ पर करते तो शायद कोलेबोरेशंस से जिंदगी नहीं चलती। मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स खरीदने से अच्छा है, अपनी रिस्पेक्ट खरीद लो। शायद ज्यादा काम आ जाए।' वह आगे लिखती हैं, 'गुस्सा जायज है। घाव गहरे थे।' निक्की तंबोली ने अपनी पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि वह टीवी एक्टर प्रिंस नरुला और टीवी पर्सनालिटी शिव ठाकरे पर निशाना साध रही हैं। यह दोनों इस वक्त 'द 50' शो का हिस्सा हैं। जब निक्की और उनका बॉयफ्रेंड शो में थे तो शिव ठाकरे और प्रिंस नरुला से कई बार झगड़ा हुआ। 'द 50' शो में विनर बनने की दौड़ में शिव ठाकरे आगे दिख रहे हैं।

# पद्मा कभी अमिताभ की बनी थीं हीरोइन खूब चलाया था कैबरे डांस का जादू ...

*नई दिल्ली। भोजपुरी फिल्मों से अपना फिल्मी सफर शुरू करने वालीं पद्मा खन्ना ने अमिताभ बच्चन के साथ 'सजना है मुझे सजना के लिए' और देवा आनंद के गाने 'हुस्न के लाखों रंग' में नजर आईं। फिल्मी और टीवी की दुनिया में कुछ कलाकार ऐसे हैं जो अपने नाम से अधिक अपने किरदार की वजह से जाने जाते हैं। ऐसे ही कलाकारों की लिस्ट में एक नाम पद्मा खन्ना का रहा है जो टीवी के लोकप्रिय धारावाहिक 'रामायण' में रानी कैकेयी के किरदार से घर-घर में पहचानी जाती थीं। 70 और 80 के दशक में खन्ना अपनी खूबसूरती, डांस और एक्टिंग से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई थी। शायद बहुत कम लोगों को ये पता हो कि उनके फिल्मी सफर की शुरुआत के पीछे की वजह मशहूर एक्ट्रेस वैजयंती माला थीं, जिन्होंने पद्मा का डांस देखकर उन्हें फिल्मों में किस्मत आजमाने की सलाह दी थी। एक्ट्रेस से मिली यही छोटी सी सलाह आगे चलकर उनके जीवन का बड़ा मोड़ साबित हुई।*



### अमिताभ के साथ 'सजना है मुझे सजना के लिए' गाना

पद्मा खन्ना के करियर का एक और अहम पड़ाव फिल्म 'सौदागर' रही, जिसमें वह महानायक अमिताभ बच्चन के साथ नजर आईं। इस फिल्म का गाना 'सजना है मुझे सजना के लिए' उस दौर का बेहद लोकप्रिय गाना बना। धीरे-धीरे वह हिंदी और भोजपुरी दोनों फिल्म इंडस्ट्री में एक जानी-मानी एक्ट्रेस बन गईं और अपने डांस के लिए खास तौर पर पहचानी जाने लगीं।

### 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो' से शुरुआत

पद्मा खन्ना ने अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत भोजपुरी फिल्म 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो' से की। उस समय उनकी उम्र लगभग 14 साल थी। यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय फिल्मों में गिनी जाती है। इसके बाद उन्होंने कई भोजपुरी फिल्मों में काम किया और धीरे-धीरे इस इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना ली। 'बिदेसिया', 'बलम परदेसिया', 'धरती मइया', और 'भैया दूज' जैसी फिल्मों में उनके काम को काफी पसंद किया गया।

# ताहिर ने पूरी की अनाम फिल्म की शूटिंग, साझा की तस्वीरें...



**मुंबई।** ताहिर राज भसीन जल्द ही एक नई फिल्म में नजर आएंगे। अभिनेता ने फिल्म की शूटिंग पूरी करने पर कई तस्वीरें साझा की हैं। अभिनेता ताहिर राज भसीन ने अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। यह विक्रम फडनिस के निर्देशन में बना प्रोजेक्ट है। हालांकि, अभी तक इस फिल्म का नाम सामने नहीं आया है। अभिनेता ने अपनी शूटिंग पूरी करने के बाद सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें साझा की हैं। साथ ही एक लंबा नोट भी लिखा है। ताहिर राज भसीन ने शूटिंग पूरी करने के बाद इंस्टाग्राम पर शूटिंग से जुड़ी कई तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में ताहिर अपने किरदार में और कुछ अहम सीन की शूटिंग करते नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने अपनी टीम के साथ बिताए मजेदार पलों की भी झलक प्रशंसकों के साथ साझा की। उन्होंने शूटिंग के बीच आराम करते और एक-दूसरे के साथ समय बिताते हुए कलाकारों और क्रू की तस्वीरें पोस्ट कीं। तस्वीरों में फिल्म की बाकी कास्ट सयामी खेर और विनीत कुमार सिंह भी नजर आ रहे हैं। तस्वीरें साझा करते हुए ताहिर ने प्रोजेक्ट के पूरा होने पर एक भावुक संदेश भी लिखा। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'शूटिंग पूरी हो गई। यह एक शानदार सफर रहा। विक्रम फडनिस आपका धन्यवाद जिन्होंने एक दिल को छू लेने वाला किरदार लिखा और निर्देशित किया, जिसे निभाना मेरे लिए बेहद सुखद अनुभव रहा। आपकी इस मेहनत से बनी फिल्म को दुनिया के साथ साझा करने का बेसब्री से इंतजार है। ओजाजय, लेंस के जादूगर हैं। हर दिन अपनी उत्कृष्टता लाने और कलात्मकता के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए धन्यवाद। हद से

## हम घास की गठरियों पर आराम करते थे : सुप्रिया

# 80 के दशक में न वॉशरूम होते थे, और न ही वैनिटी वैन

*नई दिल्ली। 'खिचड़ी' एक्ट्रेस सुप्रिया पाठक ने 80 के दौर के फिल्म सेट की कहानी सुनाई और बताया कि तब वॉशरूम, वैनिटी वैन या आराम करने के लिए उचित जगह जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी कैसा अभाव रहा करता था। शाहिद कपूर की सौतेली मां सुप्रिया पाठक ने 'मिर्च मसाला' की शूटिंग के दौरान का एक किस्सा सुनाया। इस फिल्म की शूटिंग के लिए मिर्च फैक्ट्री में बिताए अपने अनुभव को शेयर किया और बताया कि कैसे एक दर्जन महिलाएं वहां घास और भूसे के गठरियों पर आराम करती थीं। हालांकि, 'खिचड़ी' एक्ट्रेस ने कहा कि इस तरह के माहौल में काम करने के पीछे की वजह एक्टर्स का जुनून होता था।*

### 80 से 90 के दशक में कैसा होता था फिल्मों का सेट

बातचीत में सुप्रिया ने 80 से 90 के दशक में फिल्म इंडस्ट्री को लेकर बातें करते हुए बताया कि तब कैसे एक्टर्स वैनिटी वैन के बिना काम करते थे। उन्होंने कहा, 'जो जुनून था हमारे अंदर एक्टिंग का या किरदार बनाने का, उसकी वजह से बाकी सारी चीजों की अहमियत कम लगती थीं। पर धीरे-धीरे एहसास हुआ कि नहीं, ये भी जरूरी है।'

### बाथरूम की सुविधा होनी चाहिए

उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा, 'आपको कोई एक बैठने की जगह चाहिए और खासकर महिलाओं के लिए, आपको एक बाथरूम की सुविधा होनी चाहिए। मतलब मैं आज भी कहती हूं कि कितनी जगहों पर हम शूट करने जाते जहां बाथरूम भी मुहैया नहीं कराया जाता या होता ही नहीं था। कई जगहों पर जहां हम शूटिंग करते, बाथरूम जैसी बुनियादी सुविधाएं या तो उपलब्ध नहीं कराई जाती या होती ही नहीं थी।' मैं आज भी कहती हूं कि कितनी जगहों पर हम शूट करने जाते जहां बाथरूम भी मुहैया नहीं कराया जाता या होता ही नहीं था। कई जगहों पर जहां हम शूटिंग करते, बाथरूम जैसी बुनियादी सुविधाएं भी नहीं होती थीं।



### घास के बड़े-बड़े बंडल पर हम पूरे दिन बैठते थे

सुप्रिया पाठक ने कहा, 'मैंने एक फिल्म की थी मिर्च मसाला, जिसे केतन मेहता जी ने डायरेक्ट किया था। उसमें हम सारी औरतें थीं, करीब 10 महिलाएं थीं। तब हम मिर्ची की फैक्ट्री में शूट कर रहे थे। वो एक छोटा सा गांव था और वहां बेतहाशा गर्मी थी। वहां पीछे एक शेड जैसा था जहां घास रखे हुए थे। शायद मिर्ची को साफ करने का कोई प्रोसेस वहां होता था। तो बड़े-बड़े बंडल बनाकर रख दिए थे और हम पूरे दिन उसी पर बैठते थे।'

### कुछ भी करके बैठ जाते थे

पाठक ने कहा, 'एक एक्टर के लिए जैसे हमारे वहां स्पॉट बॉय होते थे, चाय लाना, अगर आप सर्दी में शूट कर रहे हो, कहीं भी शूट कर रहे हो तो बुनियादी सुविधाएं तो चाहिए ही। खाना, पानी, चाय, ये सब बेसिक चीजें जरूरी होती हैं। फिर मुझे लगता है कि धीरे-धीरे ये सारे बदलाव होंगे। हमारी इंडस्ट्री में आने लगे। आज शूटिंग करना काफी कंफर्टेबल होगा, चाहे आप कहीं भी हों। पहले के टाइम से काफी अलग है। हमारा वक्त तो हम सचमुच कहीं भी, कुछ भी करके बैठ जाते थे।'

### बाजार व राम-लीला के लिए मिले थे अवॉर्ड

बताते चलें की सुप्रिया पाठक ने अपनी मां दीना पाठक के साथ थिएटर से एक्टिंग की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने 'कलयुग' (1981) से फिल्मों में कदम रखा। पाठक को 'बाजार' (1982) और 'राम-लीला' (2013) के लिए अवॉर्ड भी मिले। उन्होंने 'मासूम' और 'मिर्च मसाला' जैसी फिल्मों, 'खिचड़ी' (हंसा के रूप में) और 'साराभाई वर्सेस साराभाई' जैसे टीवी शो में भी जानदार एक्टिंग की। इन सबके अलावा पाठक ने 'सरकार', 'वेक अप सिड', 'रेड 2' और 'खिचड़ी 2' में भी काम किया। एक्टिंग के अलावा सुप्रिया अपने पति पंकज कपूर के साथ एक प्रोडक्शन हाउस चलाती हैं।

### सेमिनार में जिले की विभिन्न पुलिस यूनिटों के अनुसंधानकर्ताओं ने भाग लिया

# जांच अधिकारियों को केस की मजबूत पैरवी व साक्ष्यों का सही संकलन करने के दिए निर्देश

■ एनडीपीएस एक्ट के मामलों में कानून की प्रक्रियाओं का पालन करना बेहद जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्थानीय पुलिस लाइन मैदान में मादक पदार्थों से जुड़े मामलों की जांच को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एनडीपीएस एक्ट को लेकर एक सेमिनार का आयोजित किया गया। सेमिनार में जिले की विभिन्न पुलिस यूनिटों के अनुसंधानकर्ताओं ने भाग लिया और कानून से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त की। जिला न्यायवादी अनुज दहिया ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत मामलों की जांच से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की।



झज्जर। सेमिनार के दौरान उपस्थित अनुसंधानकर्ताओं को संबोधित करते हुए विषय विशेषज्ञ। फोटो :हरिभूमि

उन्होंने अनुसंधानकर्ताओं को बताया कि मादक पदार्थों से जुड़े मामलों में जांच बेहद सावधानी और कानूनी प्रक्रिया के अनुसार की जानी चाहिए, ताकि किसी भी तकनीकी कमी के कारण आरोपी अदालत से बरी न हो सके। उन्होंने जांच अधिकारियों को केस की मजबूत पैरवी और साक्ष्यों के सही संकलन के बारे में भी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनडीपीएस एक्ट के मामलों में कानून की प्रक्रियाओं का पालन करना बेहद जरूरी है। यदि जांच सही तरीके से की जाए तो अपराधियों को सजा दिलाना आसान हो जाता है। साथ ही उन्होंने सजा प्राप्त करने वाले अपराधियों के सुधार और पुनर्वास से जुड़े पहलुओं पर भी मार्गदर्शन दिया। वहीं डीसीपी हेडक्वार्टर जसलीन कौर ने भी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को एनडीपीएस एक्ट से संबंधित विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसके लिए कानून की पूरी जानकारी होना जरूरी है।

## सीए फाउंडेशन परीक्षा में संस्कारम की दो छात्राओं ने पाई सफलता



झज्जर। होनहार छात्रा को सम्मानित करते हुए शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

झज्जर। संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास की दो मेधावी छात्राओं साक्षी और तन्नू ने सीए फाउंडेशन परीक्षा उत्तीर्ण कर संस्थान का नाम रोशन किया है। सफल छात्रा साक्षी और तन्नू ने अपनी सफलता का श्रेय संस्कारम स्कूल के अनुशासित वातावरण और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है। उन्होंने कहा कि स्कूल में मिली विशेष कोचिंग और समय-समय पर हुए करियर काउंसलिंग सत्रों ने उन्हें इस कठिन परीक्षा के लिए मानसिक रूप से तैयार किया। इस उपलब्धि पर संस्कारम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने छात्राओं और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विश्वास जताया कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

## खबर संक्षेप

### चोरी की आरोपी चार महिलाओं को भेजा जेल

**रेवाड़ी।** गुर्जरवाड़ा के पास नया बाजार में एक दुकान से कपड़े चोरी करने के मामले में गिरफ्तार चारों महिलाओं को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। गुरूग्राम के धनकोट निवासी अंजली, गीता, एकता व मंजीत को दुकानदारों ने कपड़े चोरी करते हुए पकड़कर सिटी पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार करने के बाद दो जोड़ी सूट व दो साड़ियां बरामद की थीं। उनके खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया गया था। आरोपियों को मंगलवार को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### एक्साइज एक्ट में पीओ चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार किया है। माजरा गुरदास निवासी इंद्रजीत के खिलाफ वर्ष 2021 में एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। कोर्ट ने उसे अवमानना के आरोप में पीओ घोषित करने के बाद उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए थे। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ गत 9 मार्च को केस दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया।

### सड़क हादसों के दो आरोपी किए काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों को अंजाम देने के बाद फरार हुए दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। गत 8 मार्च को हुए हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। सदर थाना पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज करते हुए उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए थे। पुलिस ने दुर्गा कॉलोनी में रह रहे यूपी निवासी मोहम्मद आरिफ को गिरफ्तार किया है।

## डीसी ने किया जीत कुमार को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सर्विस परीक्षा में जीत कुमार भुक्कल ने 776वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वर्तमान में वह बहादुरगढ़ में सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समिति के पद पर कार्यरत हैं। इस उपलब्धि पर उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने उन्हें शाल भेंट कर सम्मानित किया और बधाई दी। उन्होंने कहा कि सिविल सर्विस परीक्षा देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षाओं में से एक है और इसमें सफलता अन्य युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। इस मौके पर एडीसी जगनिवास, एसडीएम अंकित कुमार चौकसे, एसडीएम अभिनव सिवाच, एसडीएम रेणुका नांदल, एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता, सीटीएम नमिता कुमारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। जीत कुमार को सम्मानित करते डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

## हवन के साथ हुई नए शिक्षण सत्र की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

पैरामाउंट स्कूल छुछकवास में नए सत्र की शुरुआत के उपलक्ष में हवन का आयोजन किया गया। हवन कार्यक्रम में चेयरमैन मंजीत फौगाट व संस्था निदेशक इंद्रजीत फौगाट ने शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ हवन में आहुति डालते हुए सर्व मंगल की कामना की। हवन के दौरान शिक्षकों व विद्यार्थियों ने गायत्री मंत्र का जाप करते हुए भगवान का स्मरण किया। शिक्षकों द्वारा नए सत्र के शुभारंभ पर सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।



झज्जर। हवन में भाग लेते हुए विद्यार्थी एवं शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## कालूवास में डीटीपी की कार्रवाई, अवैध दुकानें की ध्वस्त

### पुलिस बल की मौजूदगी के चलते डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ



रेवाड़ी। अवैध दुकानों को तोड़ती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीटीपी विभाग की टीम ने मंगलवार को शहरी क्षेत्र की राजस्व सीमा में अवैध निर्माणों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की लगातार कार्रवाई के बाद भी कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। डीटीपी के निर्देश पर मंगलवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम गोकलगढ़ बाइपास के पास गांव कालूवास में पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने निर्माणाधीन अवैध दुकानों को ध्वस्त कर दिया। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ।

### अवैध निर्माणों पर कार्रवाई रहेगी जारी: सिहाग



*डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि अनियमित कॉलोनियों में अवैध निर्माणों पर विभाग की कार्रवाई जारी रहेगी। डीटीपी ने कहा कि लोगों को बार-बार बताया जा रहा है कि वं प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े।*

## सीआईए के हत्थे चढ़ा गुलेल गैंग का एक और सदस्य

*पांच सदस्यों को पुलिस पहले ही काबू कर चुकी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सीआईए कोसली ने अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के एक और सदस्य को गिरफ्तार करने ने सफलता हासिल की है। आरोपी राजस्थान में गुलेल गैंग के नाम से चोरी का आतंक फैलाने वाले गिरोह का सदस्य है, जिसके पांच सदस्यों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी को कोर्ट से 2 दिन के रिमांड पर लिया गया है।

निमोठ निवासी ललित कुमार ने पुलिस शिकायत में बताया था कि 15 जुलाई 2025 की रात वह अपने मकान को ताला लगाने के बाद सोने के लिए प्लॉट में चला गया था। अगले दिन सुबह जब वह मकान पर आया तो मेन दरवाजे का ताला व कुंडी टूटे हुए थे। घर का सारा सामान बिखरा हुआ था। कमरों में रखे अलमारी व संदूकों के ताले टूटे हुए थे। चोर कमरे में रखी संदूक से 2.5 लाख रुपये व लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर ले गए। थाना खोल में चोरी का मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त अंतराज्जीय चोर गिरोह की मुख्य सरगना जिला महेंद्रगढ़ के गांव पड़तल निवासी काली उर्फ संतरा, उसके लड़के विजय, लड़की पिंकी, पड़ोसी अरुण व जिला भिवानी के गांव आलमपुर निवासी नरेंद्र उर्फ डिल्लू उर्फ जोगी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की रकम में से 24 हजार रुपये की राशी व अलग-अलग जगह से चोरी किए कुछ जेवरात बरामद किए थे। इस मामले में सीआईए ने झज्जर के गांव बहु निवासी अजीत को गिरफ्तार किया है, जो इस समय पड़तल में ही रह रहा है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### दहेज उत्पीड़न मामले में महिला गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** खोल थाना पुलिस ने दहेज की मांग पर महिला को प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में उसकी सास को गिरफ्तार किया है। एक गांव निवासी विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। समझौता नहीं होने के कारण पुलिस ने गत वर्ष 17 नवंबर को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने गुजरात के हलोल निवासी कृष्णा देवी को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### कोर्ट से घोषित किया गया पीओ गिरफ्तार

**बावल।** बावल थाना पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार किया है। कोर्ट में चल रहे मामले में चरखी दादरी के कोल्हावास निवासी इंद्रजीत लगातार अनुपस्थित चल रहा था। कोर्ट ने उसे पीओ करार देते हुए उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश जारी किए थे। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर गत 18 फरवरी को आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी इंद्रजीत को गिरफ्तार कर लिया।

### ट्रॉमा सेंटर के पास मिला सिक्योरिटी गार्ड का शव

**रेवाड़ी।** मंगलवार सुबह ट्रॉमा सेंटर के पास एक व्यक्ति की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मृतक की पहचान होने के बाद पुलिस ने सामान्य अस्पताल से शव का पोस्टमार्टम करा दिया। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। सुबह के समय लोगों ने ट्रॉमा सेंटर के सामने एक व्यक्ति को उल्टा पड़ा देखकर उसे उठाने का प्रयास किया। जब वह नहीं उठा तो पुलिस को सूचना दी गई। सिटी पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो व्यक्ति मृत पड़ा हुआ था। पुलिस ने सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुला लिया। मृतक की शिनाख्त राजस्थान मावंडा निवासी 55 वर्षीय महेंद्र कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने उसकी जेब से मिले कागजों के आधार पर परिजनों को सूचना देकर बुला लिया। महेंद्र शादी के बाद से ही जिले के मायण गांव में अपनी ससुराल में परिवार सहित रह रहा था।

## हर वर्ग को मिल रहा योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. पंकज जैन ने दावा किया कि हरियाणा की भाजपा सरकार सत्ता को सेवा मानकर कार्य कर रही है। प्रदेश का हर वर्ग आज सरकार की नीतियों से संतुष्ट और खुश नजर आ रहा है। समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू किया है। इसके तहत विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजा जा रहा है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हुई है। हाल ही में सीएम नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के लाखों लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के तहत एक क्लिक के माध्यम से करीब 1884 करोड़ रुपए की राशि डीबीटी के जरिए उनके खातों में स्थानांतरित की थी।



डॉ. पंकज जैन

## समस्या

### डीएसएसी कोड के बिना नहीं मिलेगा सिलेंडर, 25 दिन से पहले नहीं मिलेगा ओटीपी

# अमेरिका-ईरान युद्ध के इम्पेक्ट शुरू एलपीजी सिलेंडर लेना हुआ मुश्किल

**अन्य विकल्पों की तलाश करनी होगी**

■ अधिक खपत वाले बड़े परिवारों के लिए माह में एक बार से ज्यादा बार सिलेंडर लेना मुमकिन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अमेरिका और इजराल के साथ चल रहे ईरान युद्ध के साइड इफेक्ट आने शुरू हो गए हैं। एक ओर जहां एलपीजी के दामों में वृद्धि हो चुकी है, तो दूसरी ओर गैस कंपनियों से ग्राहक को डीएससी कोड मिले बिना ग्राहक को सिलेंडर देना बंद कर दिया गया है। ओटीपी भी अब 15 की बजाय 25 दिन में मिलना शुरू हो गया है।

युद्ध शुरू होने से पहले तक कुकिंग गैस उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता था। उपभोक्ताओं को माह में दो बार से भी ज्यादा सिलेंडर उपलब्ध हो जाते थे। युद्ध शुरू होने के बाद एक ओर सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडरों के दाम में 60 रुपये तक की वृद्धि कर दी है, तो दूसरी ओर उपभोक्ताओं के लिए बार-बार गैस सिलेंडर लेने का रास्ता भी बंद हो गया है।

किसी भी उपभोक्ता को गैस कंपनियों से डीएससी कोड लिए बिना सिलेंडर नहीं दिया जा रहा है। यह कोड भी अब 15 दिन की बजाय 25 दिन बाद मिलने लगा है, जिससे अधिक खपत वाले बड़े परिवारों के लिए माह में एक बार से ज्यादा बार सिलेंडर लेना मुमकिन नहीं रहा है। गैस का अधिक इस्तेमाल करने वाले लोगों के लिए अब गैस की बचत करना भी जरूरी हो गया है। खपत कम नहीं करने पर उन्हें एक बार फिर से ईंधन के चूल्हों या अन्य विकल्पों की तलाश करनी होगी।

### कालाबाजारी की आशंका बढ़ी

जब भी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति प्रभावित होती है, इसकी कालाबाजी की आशंका भी बढ़ जाती है। एक दशक पूर्व तक गैस सिलेंडरों की जमकर कालाबाजारी होती थी। इसके बाद सप्लाई सामान्य होते ही कालाबाजारी पर लगभग विराम लग गया था। अब एक बार फिर से गैस की किल्लत होने पर कालाबाजारी की आशंका बनी रहेगी।

### गैस एजेंसियों के स्टॉक की निगरानी

गैस कंपनियों की ओर से आपूर्ति में अभी कोई कमी नहीं की गई है। सिलेंडर रिफिल कराने की अवधि जरूर बढ़ाई गई है। विभाग की ओर से गैस एजेंसियों के स्टॉक की नियमित जांच की जा रही है। किसी तरह की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। **-नितिश कुमार सिंगला, डीएफएससी।**



रेवाड़ी। गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने के लिए खड़े लोग। फोटो : हरिभूमि

### ओटीपी के बाद ही मिलेगी सप्लाई

गैस सिलेंडर बुक करने के बाद उपभोक्ता के पंजीकृत मोबाइल फोन पर ओटीपी मिलेगा। ओटीपी डालने के बाद डीएसी कोड मिलेगा। इस कोड के आधार पर ही ग्राहक को गैस सिलेंडर मिल सकेगा। इससे पहले फोन-पे या दूसरी एप के जरिए ग्राहक माह में एक बार से ज्यादा बार सिलेंडर बुक कर सकते थे, परंतु अब 25 दिन बाद ही एप पर ऑप्शन मिल सकेगा।

### एडवांस सिलेंडर लेने उमड़ रहे लोग

युद्ध के लंबा चलने की सूरत में गैस और पेट्रोलियम पदार्थों की किल्लत की आशंका ने लोगों को चिंतित करना शुरू कर दिया है। घर पर समय सीमा के बाद होम डिलीवरी वाले सिलेंडर का इंतजार करने की बजाय लोग गैस एजेंसियों पर सिलेंडर लेने के लिए पहुंच रहे हैं, ताकि वह एडवांस सिलेंडर का स्टॉक रख सकें। एजेंसियों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है।

### दुकान पर सामान लेने गई युवती लापता

**कोसली।** क्षेत्र के गांव से एक युवती बिना किसी को कुछ बताए घर से लापता हो गई। युवती की मां ने बेटी की गुमशुदगी की शिकायत कोसली थाने में दर्ज कराई है। युवती की मां ने बताया कि उनकी 21 वर्षीय बेटी रविवार शाम कोई सामान लेने के लिए गांव में ही एक दुकान पर गई थी, लेकिन वापस घर नहीं आई। उन्होंने दो दिन तक अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है।

दुकान पर सामान लेने गई युवती लापता

कोसली। क्षेत्र के गांव से एक युवती बिना किसी को कुछ बताए घर से लापता हो गई। युवती की मां ने बेटी की गुमशुदगी की शिकायत कोसली थाने में दर्ज कराई है। युवती की मां ने बताया कि उनकी 21 वर्षीय बेटी रविवार शाम कोई सामान लेने के लिए गांव में ही एक दुकान पर गई थी, लेकिन वापस घर नहीं आई।

**सूचना**

मैं, संजय कुमार पुत्र श्री फतेह चन्द निवासी मकान नंबर 269, वार्ड नंबर-22, नेहरू पार्क, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा-124507 बयान करता हूं कि मेरा पुत्र दीपांशु खत्री मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दि बहादुरगढ़ सहकारी विपणन समिति, बहादुरगढ़ द्वारा रबी सीजन 26-27 में (PSS) सरसों की खरीद होनी है। उसके लिए इच्छुक श्रमिक प्रदाता (लेबर एंजेट) की आवश्यकता है। दिनांक 18.03.2026 तक दि बहादुरगढ़ सहकारी विपणन समिति के कार्यालय अनाज मंडी बहादुरगढ़ दुकान नंबर 36 पर सुबह 11 बजे तक आवेदन जमा करवा सकते हैं। आवेदक के पास लेबर व खरीद संबंधित पर्याप्त साधन होने अनिवार्य हैं। अनुभवी श्रमिक प्रदाताओं को वरियता दी जाएगी। नियम व शर्तें सरकार के आदेश अनुसार आपको आवेदन के समय दे दी जाएगी।

हस्ता/-दी बहादुरगढ़ सहकारी, विपणन समिति लि.

### गांव भापड़ोदा के इनामी दंगल में पहलवानों ने दिखाया दम

# टॉप 4 कुश्तियों में से 3 बराबरी पर छूटी सचिन ने अरुण पहलवान को दी पटकनी



बहादुरगढ़। परमजीत दलाल को स्मृति चिह्न देते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव भापड़ोदा में आयोजित विशाल इनामी कुश्ती दंगल में पहलवानों ने अपने दमखम का शानदार प्रदर्शन किया। इसमें पहला इनाम एक लाख, दूसरा इनाम 51 हजार और तीसरा इनाम 31 हजार रुपये रखा गया था। टॉप 4 कुश्तियों में से 3 बराबरी पर छूटी, जबकि एक में भापड़ोदा का पहलवान सचिन विजयी रहा।

दंगल में दूर-दूर से आए पहलवानों ने अखाड़े में उतरकर जोरदार मुकाबले किए, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेल प्रेमी उपस्थित रहे। पहली कुश्ती सोनू अखाड़े के रजत रुहिल और हनुमान अखाड़ा दिल्ली के जोंटी गुर्जर के बीच बराबर रही। दोनों को 50-50 हजार रुपए इनाम राशि दे दी गई। दूसरी कुश्ती कैंप्टन जोरा अखाड़े के हिमांशु गोदड़ी और सोनू अखाड़े का अमन पहलवान के बीच बेनतीजा रही। दोनों में इनाम की राशि विभाजित कर 25-25 हजार दिए गए। तीसरे इनाम के लिए हुई कुश्ती में सचिन भापड़ोदा ने अरुण पहलवान को हराया। पुनित जोंधी व अमित लंबू के बीच हुआ मुकाबला भी बराबरी पर छूटा। कार्यक्रम में पहुंचे परमजीत दलाल ने भी पहलवानों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि कुश्ती भारतीय संस्कृति और ग्रामीण परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसे दंगल युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करते हैं और उन्हें नशे जैसी बुराइयों से दूर रखते हैं। कई मुकाबले लंबे समय तक चले, जिनमें पहलवानों ने अपनी ताकत, तकनीक और फुर्ती का बेहतरीन प्रदर्शन किया। दर्शकों ने तालियों और जयकारों के साथ पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। दंगल के अंत में विजेता और उपविजेता पहलवानों को नकद इनाम और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। रामबीर पहलवान समेत तमाम आयोजकों ने सभी पहलवानों, अतिथियों और ग्रामीणों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

- पहली कुश्ती के लिए रजत रुहिल और जोंटी गुर्जर को 50-50 हजार रुपये की इनामी राशि दी




बहादुरगढ़। स्टेडियम रन में उपलब्धि हासिल करने वाले बीआरजी के धावक।

## टफमैन 24 घंटे की स्टेडियम रन में बीआरजी धावकों का दमदार प्रदर्शन

हहरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में हुई प्रतिष्ठित टफमैन 24 घंटे स्टेडियम रन में देशभर से आए अल्ट्रा रनर्स ने दमखम दिखाया। इस प्रतियोगिता में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के धावकों ने दमदार प्रदर्शन कर कई श्रेणियों में उपलब्धियां हासिल कीं।

बीआरजी के संचालक दीपक छिल्लर ने बताया कि गुलाब सिंह ने 24 घंटे की कठिन रनिंग में असाधारण सहनशक्ति का परिचय देते हुए 176 किलोमीटर की दूरी तय कर पहला स्थान प्राप्त किया। अशोक कुमार ने 12 घंटे की श्रेणी में 97 किलोमीटर की दूरी पूरी कर चौथा स्थान हासिल किया। शलभ खरे ने 6 घंटे की दौड़ में 55 किलोमीटर की दूरी तय कर 5वां स्थान प्राप्त किया। सोनिया राणा ने 12 घंटे की स्टेडियम रन में 98.5 किमी. की दूरी तय कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। सिकंदर लांबा ने 100 किमी. की दूरी साढ़े 10 घंटे में पूरी करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। क्रू मेंबर के रूप में जाने-माने अल्ट्रा रनर प्रवीन सांगवान, कर्नल कृष्ण बधवार, बादल तेवतिया, दीपक छिल्लर और डॉ. किरण छिल्लर ने धावकों का उत्साह बढ़ाया। इस अल्ट्रा रनिंग प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से सैकड़ों धावकों ने भाग लिया।

## जिले के 124 गांव और 15 वार्ड नशा मुक्त घोषित किए

पुलिस और समाज को मिलकर करना होगा काम : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर




झज्जर। बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

जिले को नशा मुक्त बनाने के लक्ष्य को लेकर मंगलवार को लघु सचिवालय में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति की मासिक बैठक आयोजित हुई। डीसी ने कहा कि जिला के 124 गांवों और 15 वार्डों को नशा मुक्त घोषित किया जा चुका है।

सभी गांवों को नशा मुक्त बनाने के लक्ष्य को लेकर आपसी समन्वय से कार्य करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि हर उपमंडल स्तर पर नशा मुक्ति अभियान को तेज किया जाए। उन्होंने कहा कि गांव और वार्ड स्तर पर पहले से गठित टीमों को एक्टिव मोड में लाया जाए और एसडीएम इन टीमों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे समाज को प्रभावित करता है। इसलिए जरूरी है कि प्रशासन, पुलिस, पंचायतें और समाज सेवी संस्थाएं मिलकर इस दिशा में काम करें। डीसीपी जसलीन कौर ने बताया कि पुलिस द्वारा लगातार नशा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। साथ ही, गांव-गांव जाकर युवाओं को जागरूक करने के अभियान भी चलाए जा रहे हैं।



## समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि श्रद्धा सुमन किए अर्पित, पचौंक का नाम रखने की मांग

**बहादुरगढ़।** लाइनपार क्षेत्र के विकास नगर में समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर महिलाओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके शिक्षा व समाज सुधार के कार्यों को याद किया। भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद जसबीर सैनी सहित सरिता सैनी, शिवानी, रोशनी, अंजू, मंजू, ललिता, विद्या देवी और पूजा समेत कई महिलाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। जसबीर सैनी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने कठिन परिस्थितियों में महिलाओं की शिक्षा के लिए संघर्ष किया और समाज में जागरूकता फैलाई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने प्रशासन से मांग की कि क्षेत्र के किसी प्रमुख चौक का नाम सावित्रीबाई फुले के नाम पर रखा जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके आदर्शों से प्रेरणा ले सकें।

## यूपीएससी परीक्षा पास करने वाली मानसी को किया सम्मानित

गोल्डन वैली स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



यूपीएससी परीक्षा में 852वीं रैंक प्राप्त करने वाली छात्रा मानसी के सम्मान में जसोंरखेड़ी में समारोह का आयोजन किया गया। ग्रामीणों द्वारा समारोह में मानसी का जोरदार अभिनंदन किया।

समारोह में जसोरखेड़ी के सरपंच अनिल देशवाल, खेड़ी जसोर के वीरेंद्र, निलोठी के ओमप्रकाश दहिया, कुलासी के हवा सिंह, दहकोरा के जगपाल, लोहारहेड़ी के अश्विनी आदि सरपंचों व मौजिज लोगों ने मानसी की इस उपलब्धि को पूरे इलाके के लिए गर्व बताया। गोल्डन वैली स्कूल में हुए इस समारोह में डायरेक्टर जितेंद्र लाठर और कुसुम लाठर ने मानसी को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि मानसी ने अपने माता-पिता, स्कूल और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

वह अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा हैं। उनकी बेटी मुस्कान लाठर ने भी मानसी को बधाई देते हुए कहा कि मेहनत, आत्मविश्वास और धैर्य से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। रविंद्र लाठर ने कहा कि मानसी शुरू से ही पढ़ाई में मेहनती और अनुशासित छात्रा रही है। उसकी इस सफलता से पूरे गांव और क्षेत्र को गर्व महसूस हो रहा है। एसआर स्कूल के डायरेक्टर जयप्रकाश, जसोर खेड़ी के शिक्षक मास्टर सुरेश ने भी खुशी जताई।

## बुद्धोमाता मेला आज, मंदिर प्रबंधन कमेटी ने पूरी की मेले की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर के माता गेट स्थित बुद्धोमाता मंदिर पर लगने वाले वार्षिक मेले और पूजा-अर्चना के दौरान उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंगलवार शाम से दूर-दराज से आए दुकानदारों ने भी मेला परिसर में अपनी स्टॉल लगानी शुरू कर दी है।

प्रबंधन कमेटी द्वारा जहां माता के मंदिर को आकर्षक लाइटों से सजाया वहीं बैरिकेडिंग व्यवस्था भी की गई है। मंदिर कमेटी सदस्य शिशुपाल मलिक, दीपक गहलौत ने बताया कि माता के मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े इसके लिए सेवादारों को जिम्मेवारियां सौंपी जा चुकी है। लोगों में आस्था इतनी है कि लोग अलसुबह ही माता की पूजा-अर्चना के लिए पहुंच जाते हैं। मां को लगाया जाएगा बासी पकवान का भोग : बता दें कि बुद्धोमाता के प्रसाद के रूप में महिलाओं द्वारा एक दिन पहले गुड़ के चावल बनाकर बासी पकवान का भोग लगाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार शीतला माता को समर्पित यह लोकप्रिय त्योहार है। बासी प्रसाद चढ़ा कर जहां मां की आराधना की जाती है ।

- मंदिर को आकर्षक लाइटों से सजाया वहीं बैरिकेडिंग व्यवस्था भी की गई

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर के बारे में किया जागरूक



बहादुरगढ़। शिविर में आए चिकित्सकों के साथ प्रिंसिपल आनंद कुमार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में एसजीटी विश्वविद्यालय के प्रसुति तंत्र एवं स्वच्छता विभाग से आयुर्वेदिक चिकित्सकों डॉ ज्योति, डॉ हिमानी गुप्ता, डॉ सीमा यादव, सत्यपाल और उनकी टीम ने स्वच्छता एवं जागरूकता शिविर लगाया।

रेडक्रॉस प्रभारी डॉ नवीन मलिक ने कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में छात्राओं को मासिक चक्र, उनके खान-पान, रहन-सहन और स्वच्छता के बारे में अवगत करवाया गया। उनके खान-पान, रहन-सहन, ज्यादा समय तक स्क्रीन पर रहना और समय से न सोना आदि बातों का ध्यान न देने से हमें कई तरह की बीमारियां लग सकती हैं। उन्होंने सर्वाइकल कैंसर के बारे में छात्राओं को अवगत करवाया और बताया कि एक स्पेशल वैक्सीन इसके लिए लगवाई जा सकती है। महावारी के समय अतिरिक्त देखभाल की आवश्यकता और आराम की आवश्यकता होती है। अगर कोई दिक्कत है तो तुरंत अपने डॉक्टर से जाकर मिले उनसे सलाह ले और अपना इलाज करवाएं। छात्राओं ने निजी तौर पर इस डॉक्टरों की टीम के सामने अपने प्रश्न रखें और सलाह ली। इस अवसर पर डॉ पूनम चौधरी, डॉ आशा, डॉ आरती, डॉ पूनम रानी, डॉ बेबी व रिंकी मौजूद रही।



झज्जर। स्वास्थ्य जांच शिविर में उपस्थित चिकित्सक एवं जांच कराने पहुंचे लोग। फोटो : हरिभूमि

## गांव मदाना खुर्द में लगे शिविर में ग्रामीणों ने कराई स्वास्थ्य जांच

**झज्जर।** वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज रिसर्च एंड हास्पिटल गिरावड़ द्वारा मंगलवार को क्षेत्र के गांव मदाना खुर्द में एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अस्पताल के मेडिसिन विभाग, सर्जरी, नेत्र रोग, ईएनटी, हड्डी रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के चिकित्सकों ने सेवाएं दी। इस दौरान शिविर में पहुंचे सैंकड़ों लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा जरुरतमंद लोगों में निःशुल्क दवाइयां भी विरतित की गई। कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर चरण सिंह ने बताया कि संस्थान के संस्थापक डॉक्टर नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर के दौरान लोगों को स्वास्थ्य की उचित देखभाल के लिए आवश्यक परामर्श भी दिए गए।

## त्योहारों, मेलों और विशेष अवसरों पर बाजारों में निगरानी रखी जाए : डीसी




झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिले में आम नागरिकों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए नियमित रूप से निरीक्षण अभियान चलाया जाए और नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। यह निर्देश डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने मंगलवार को जिला स्तरीय फूड सेफ्टी एडवाइजरी कमेटी की बैठक में दिए।

उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि त्यौहारों, मेलों और विशेष अवसरों के दौरान बाजारों में विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने सभी खाद्य व्यवसाय संचालक फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के नियमों का पालन करें और आवश्यक लाइसेंस व पंजीकरण करवाएं। वहीं फूड सेफ्टी ऑफिसर डॉक्टर राजेश वर्मा ने बताया कि विभाग द्वारा समय-समय पर बाजारों, होटल-ढाबों, मिठाई की दुकानों, मिड डे मील, फूड प्रोसेसिंग यूनिट और अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जाता है। खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर उनकी जांच करवाई जाती है ताकि लोगों को मिलावटी या असुरक्षित खाद्य पदार्थों से बचाया जा सके।

### श्रीमद् भागवत कथा का समापन बुधवार 11 मार्च को होगा

# सदाचार के मार्ग पर चलने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सैनीपुरा स्थित श्री खाटूश्याम मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा आयोजित की जा रही है। वीरवार 5 मार्च को कलश यात्रा और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कथा का शुभारंभ हुआ था। तब से प्रतिदिन श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर कथा श्रवण कर रहे हैं और भक्ति रस में सराबोर हो रहे हैं। कथा वाचिका सुमन जाजू श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन कर रही हैं। कथा के दौरान उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं, भक्तों के प्रति भगवान की करुणा, भक्ति की महिमा तथा धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

### लगाया जाएगा भंडारा

उनके मधुर और भावपूर्ण शैली में सुनाए गए प्रसंगों को सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो रहे हैं। मंदिर परिसर में प्रतिदिन भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों के चलते भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। श्रद्धालु भगवान के जयकारे लगाते हुए कथा का आनंद ले रहे हैं। कथा में भाग लेकर महिलाएं आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर रही है। आयोजकों के अनुसार श्रीमद् भागवत कथा का समापन बुधवार 11 मार्च को होगा। इस दिन विशेष पूजा-अर्चना, हवन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा।



बहादुरगढ़। सैनीपुरा स्थित मंदिर में कथा सुनती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

## महिला खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम व टॉयलेट बनाए जाएंगे: मीनू

**बहादुरगढ़।** हरियाणा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष मीनू बेनीवाल ने बताया कि प्रदेश भर के खेल स्टेडियमों का भी जीर्णोद्धार किया जाएगा, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर माहौल मिल सके। संघ के उपाध्यक्ष अनिल खत्री से मुलाकात करने पहुंचे बेनीवाल ने बताया कि हरियाणा ओलंपिक संघ प्रदेश द्वारा 100 गांव में महिला खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम और टॉयलेट बनाए जाएंगे। इस पर करीब 45 करोड़ रुपये खर्च होंगे। भाजपा सरकार खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए बेहतर तरीके से काम कर रही है।

- भाजपा सरकार खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए बेहतर तरीके से काम कर रही

## नागरिक अस्पताल में दवा लेने आए युवक की मोटरसाइकिल चोरी

**झज्जर।** कस्बा बेरी में एक युवक की बाइक चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में भागलपुरी निवासी युवक सुनील कुमार ने बताया कि वह सोमवार को बेरी के सरकारी अस्पताल में दवा लेने गया था। उसने अपनी मोटरसाइकिल वहां खड़ी की थी। जब वह दवा लेकर बाहर आया तो उसकी मोटरसाइकिल चोरी हो चुकी थी। उसने अपने स्तर पर मोटरसाइकिल की तलाश भी लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।